
# साहित्य अकादेमी के साहित्य मंच कार्यक्रम में तीन रचनाकारों ने प्रस्तुत कीं रचनाएँ




नई दिल्ली, 19 नवम्बर (हि.स.)। साहित्य अकादेमी ने राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पत्रकारिता से जुड़े तीन वरिष्ठ रचनाकारों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं।

प्रताप सिंह एवं राकेशरेणु ने जहाँ कविताएँ प्रस्तुत कीं वहीं अवधेश श्रीवास्तव ने कहानी प्रस्तुत की। राकेशरेणु ने स्त्री, मखाने एवं शुभकामनाएँ शीर्षक से अपनी कविता शृंखला की कुछ कविताएँ सुनाई तथा नए मगध में शीर्षक से अलग कविता प्रस्तुत की। अंतिम कविता कोरोना महामारी पर एक मार्मिक टिप्पणी थी। प्रताप सिंह की भी कविताएँ कोरोना महामारी से प्रभावित आम लोगों पर केंद्रित थीं। उन्होंने पत्रकारिता के अपने अनुभवों पर जागर शीर्षक से भी एक कविता प्रस्तुत की।

अवधेश श्रीवास्तव ने दायित्व शीर्षक से कहानी प्रस्तुत की जिसके केंद्र में पिता और पुत्र के असहज संबंध थे, जिस कारण अंत में पुत्र को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। कार्यक्रम में बलराम, बीएल गौड़, कमलेश भट्ट कमल, श्याम सुशील, अमर पंकज, सुधीर सुमन एवं अन्य कई लेखक एवं पत्रकार उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि यह पुस्तक प्रदर्शनी 27 नवम्बर तक पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक प्रतिदिन खुली रहेगी। प्रदर्शनी के दौरान साहित्य मंच, पुस्तक-चर्चा, बहुभाषी कविता-पाठ कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

हिन्दुस्थान समाचार/ पवन

विराट वैभव
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 नवम्बर 2020

# साहित्य अकादेमी द्वारा साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर पर गुरूवार को साहित्य मंच कार्यक्रम किया गया, जिसमें पत्रकारिता से जुड़े तीन वरिष्ठ रचनाकारों ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। प्रताप सिंह एवं राकेशरेणु ने जहां कविताएं प्रस्तुत कीं वहीं अवधेश श्रीवास्तव ने कहानी प्रस्तुत की। राकेश रेणु ने स्त्री, मखाने एवं शुभकामनाएं शीर्षक से अपनी कविता शृंखला की कुछ कविताएं सुनाई तथा नए मगध में शीर्षक से अलग कविता प्रस्तुत की। अंतिम कविता कोरोना महामारी पर एक मार्मिक टिप्पणी थी। प्रताप सिंह की भी कविताएं कोरोना महामारी से प्रभावित आम लोगों पर केंद्रित थीं। उन्होंने पत्रकारिता के अपने अनुभवों पर जागर शीर्षक से भी एक कविता प्रस्तुत की।

# साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 नवंबर।

साहित्य अकादेमी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को साहित्य मंच कार्यक्रम किया गया, जिसमें पत्रकारिता से जुड़े तीन वरिष्ठ रचनाकारों ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। प्रताप सिंह एवं राकेशरेणु ने जहां कविताएं प्रस्तुत कीं। वहीं अवधेश श्रीवास्तव ने कहानी प्रस्तुत की। राकेशरेणु ने स्त्री, मखाने एवं शुभकामनाएं शीर्षक से अपनी कविता श्रृंखला की कुछ कविताएं सुनाईं तथा नए मगध में शीर्षक से अलग कविता प्रस्तुत की। अंतिम कविता कोरोना महामारी पर एक मार्मिक टिप्पणी थी। प्रताप सिंह की भी कविताएं कोरोना महामारी से प्रभावित आम लोगों पर केंद्रित थीं। उन्होंने पत्रकारिता के अपने अनुभवों पर जागर शीर्षक से भी एक कविता प्रस्तुत की। अवधेश श्रीवास्तव ने दायित्व शीर्षक से कहानी प्रस्तुत की, जिसके केंद्र में पिता और पुत्र के असहज संबंध थे, जिस कारण अंत में पुत्र को अपने प्राणों की आहूति देनी पड़ी।

कार्यक्रम में बलराम, बी.एल. गौड़, कमलेश भट्ट कमल, श्याम सुशील, अमर पंकज, सुधीर सुमन एवं अन्य कई महत्त्वपूर्ण लेखक एवं पत्रकार उपस्थित थे। ज्ञात हो कि यह पुस्तक प्रदर्शनी 27 नवंबर तक सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक प्रतिदिन खुली रहेगी।